केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

**समन्वय/कॉम्पट/परीक्षा/नियमित/2021** **दिनांक: 10.08.2021**

**परिपत्र**

**(कक्षा X और XII के नियमित अभ्यर्थी)**

**विषय: कम्पार्टमेंट/सुधार परीक्षा अगस्त-सितंबर, 2021 के लिए दसवीं और बारहवीं कक्षा के नियमित अभ्यर्थियों के संबंध में एलओसी का ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण**

कक्षा X और XII के लिए सारणीकरण की नीतियों और 02 अगस्त, 2021 के परिपत्र के क्रम में, कक्षा X और XII के अभ्यर्थियों के लिए वैकल्पिक और कम्पार्टमेंट परीक्षाएं 25 अगस्त, 2021 से निर्धारित की गई हैं।

1. सत्र 2020-21 के दसवीं और बारहवीं कक्षा के निम्नलिखित श्रेणी के नियमित अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होंगे:

**(ए) जो आकलन/निर्धारण से संतुष्ट नहीं हैं**
जिन अभ्यर्थियों का परिणाम सारणीकरण नीति के आधार पर **उत्तीर्ण** घोषित किया गया है, लेकिन वे निर्धारण से संतुष्ट नहीं हैं।

**(बी कम्पार्टमेंट**
जो छात्र एक/दो विषय (विषयों) में अर्हता मानदंडों को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं और क्रमशः बारहवीं और दसवीं कक्षा में कम्पार्टमेंट श्रेणी में रखे गए हैं।

**(सी) गैर-संगणनीय मामले**
जिन अभ्यर्थियों का परिणाम 2021 में सारणीकरण नीति के आधार पर तैयार नहीं किया जा सका यानि सुधार श्रेणी के नियमित अभ्यर्थी।

**(डी) छठे विषय संबंधी मामले**
अभ्यर्थी जो 2021 में 06 विषयों में नियमित अभ्यर्थी के रूप में उपस्थित हुए हैं और उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं, लेकिन पांच मुख्य विषयों में से किसी एक विषय में उत्तीर्ण नहीं हो सके।

**2. परीक्षा के विषय**
सीबीएसई अनुलग्नक-1 में दिए गए अनुसार केवल बारहवीं कक्षा के लिए 19 विषयों और दसवीं कक्षा के लिए 10 विषयों की परीक्षा आयोजित करेगा।

**3. अर्हता मानदंड**

(ए) उपरोक्त श्रेणी (ए)में,बाद की परीक्षा में प्राप्त अंकों को अंतिम माना जाएगा जैसा कि अंकों के सारणीकरण की नीति में बिंदु 28 पर उल्लेख किया गया है।

(बी) बाकी श्रेणियों यानी (बी),(सी)और (डी) में, बोर्ड की नीति के अनुसार पात्रता मानदंड लागू होंगे। हालाँकि, जहाँ भी संभव हो, 2020 में भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुमोदित नीति को लागू किया जाएगा। हालाँकि यह नीति अतिरिक्त विषयों और एक या अधिक विषयों में प्रदर्शन में सुधार के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए लागू नहीं होगी।

**4. स्कूलों/ अभ्यर्थियों द्वारा आवश्यक अनुपालन के लिए निम्नलिखित जानकारी नोट की जा सकती है-**

(ए) स्कूलों को उन सभी अभ्यर्थियों के संबंध में एलओसी जमा करनी होगी जो सत्र 2020-21 के दौरान उनके स्कूल के नियमित छात्र थे और उपरोक्त (ए) से (डी) में उल्लिखित किसी भी कारण से परीक्षाओं में शामिल होना चाहते हैं।

(बी) सत्र 2020-21 के नियमित छात्र केवल अपने संबंधित स्कूलों के माध्यम से अपना उम्मीदवारी विवरण जमा कर सकते हैं। सीधे बोर्ड को आवेदन करने का कोई प्रावधान नहीं है।

(सी) सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से ऐसे अभ्यर्थियों की सूची प्रस्तुत करने के लिए स्कूल के लिए सुविधा अनुलग्नक -2 में दी गई अनुसूची के अनुसार उपलब्ध रहेगी।

(डी) शुल्क अनुलग्नक-2 में दिए गए विवरण के अनुसार लागू होगा।

(इ) स्कूलों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि के बारे में आगे सूचित किया जाएगा। प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति होने पर स्कूल बोर्ड के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों से संपर्क करें।

(एफ) ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण के संबंध में किसी भी कठिनाई/प्रश्न के मामले में, संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की आईटी इकाई से संपर्क किया जा सकता है।

(जी) सीबीएसई देश और विदेश में निर्धारित केंद्रों पर परीक्षा आयोजित करेगा।

(एच) कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए केंद्र तय किया जाएगा और छात्रों को भी इसका सख्ती से पालन करना होगा।

(आई) प्रत्येक केंद्र में, सोशल डिस्टेंसिंग मानदंडों को सख्ती से लागू करने के लिए कम संख्या में अभ्यर्थी आवंटित किए जाएंगे|

(जे) फॉर्म/एलओसी जमा करने के लिए स्कूलों से संपर्क करने से पहले, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित अनुलग्नकों को ध्यान से पढ़ें और समझें:

**(ए) कक्षा बारहवीं और दसवीं कक्षा की विषय सूची - अनुलग्नक 1**
**(बी) कक्षा XII और कक्षा X के लिए शुल्क संरचना - अनुलग्नक 2**
**(सी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने की विस्तृत प्रक्रिया - अनुलग्नक 3**

(के) निर्धारित अनुसूची के भीतर एलओसी जमा करना स्कूल की जिम्मेदारी होगी। किसी भी कारण से तिथि बढ़ाने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

(एल) प्राइवेट अभ्यर्थियों के लिए अलग से परिपत्र जारी किया जा रहा है। ये सीबीएसई की वेबसाइट www.cbse.nic.in पर उपलब्ध होंगे।

**(डॉ संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रति: वेब एडमिन को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ**

| अगस्त-सितंबर 2021 परीक्षा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| परीक्षा केवल निम्नलिखित विषयों में आयोजित की जाएगी| | | | | | |
| कक्षा 12वीं | | | | | |
| क्रम संख्या | विषय कोड | विषय का नाम | क्रम संख्या | विषय कोड | विषय का नाम |
| 1. | 002 | हिंदी ऐच्छिक | 11. | 043 | रसायन विज्ञान |
| 2. | 302 | हिंदी कोर | 12. | 044 | जीव विज्ञान |
| 3. | 027 | इतिहास | 13. | 048 | शारीरिक शिक्षा |
| 4. | 028 | राजनीतिक विज्ञान | 14. | 054 | बिजनेस स्टडीज |
| 5. | 029 | भूगोल | 15. | 055 | लेखाशास्त्र |
| 6. | 030 | अर्थशास्त्र | 16. | 064 | गृह विज्ञान |
| 7. | 037 | मनोविज्ञान | 17. | 065 | इंफोरमैटिक्स प्रक. (नया) |
| 8. | 039 | समाजशास्त्र | 18. | 083 | कंप्यूटर विज्ञान (नया) |
| 9. | 041 | गणित | 19. | 301 | अंग्रेजी कोर |
| 10. | 042 | भौतिकी | | | |
| कक्षा 10वीं | | | | | |
| क्रम संख्या | विषय कोड | विषय का नाम | | | |
| 1. | 002 | हिंदी कोर्स ए | | | |
| 2. | 085 | हिंदी कोर्स बी | | | |
| 3. | 041 | गणित स्टैन्डर्ड | | | |
| 4. | 241 | गणित बेसिक | | | |
| 5. | 064 | गृह विज्ञान | | | |
| 6. | 086 | विज्ञान | | | |
| 7. | 087 | सामाजिक विज्ञान | | | |
| 8. | 165 | कंप्यूटर अनुप्रयोग | | | |
| 9. | 184 | अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य | | | |
| 10. | 402 | सूचना प्रौद्योगिकी | | | |

अनुलग्नक -2

| कक्षा 10वीं/12वीं के लिए अभ्यर्थी सूची हेतु शुल्क और अनुसूची<br>अगस्त-सितंबर 2021 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्रेणी | परीक्षा का प्रकृति | प्रति विद्यार्थी प्रति विषय शुल्क | | एलओसी ऑनलाइन जमा करने के लिए अनुसूची |
| | | भारत में विद्यालय | विदेश में विद्यालय | |
| (ए) | जो आकलन/निर्धारण से संतुष्ट नहीं हैं | कोई नहीं | कोई नहीं | 11.08.2021 (बुधवार) से 15.08.2021 (रविवार) |
| (बी) | कम्पार्टमेंट | कोई नहीं | कोई नहीं | |
| (सी) | गैर-संगणनीय मामले | कोई नहीं | कोई नहीं | |
| (डी) | छठे विषय संबंधी मामले | कोई नहीं | कोई नहीं | |
| तिथियाँ अनुल्लंघनीय हैं। इन्हें किसी भी आधार पर नहीं बढ़ाया जाएगा। चूंकि ऑनलाइन सेवाएं अवकाश के दिनों सहित 24x7 पर उपलब्ध हैं, इसके लिए या किसी तकनीकी आधार का कोई बहाना स्वीकार्य नहीं होगा। | | | | |
| विद्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि एलओसी अंतिम तिथि और समय से पहले ही अंतिम रूप देकर जमा कर दी गई है। | | | | |

| विद्यालयों द्वारा अभ्यर्थी सूची ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रिया | |
|---|---|
| विद्यालय एलओसी जमा करने की प्रक्रिया ध्यान से समझ लें। आँकड़े /एलओसी का समय पर प्रस्तुतीकरण सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों से अग्रिम तौर पर संपर्क किया जाए।<br><br>निम्नलिखित चरणों का अनुसरण किया जाए: | |
| 1. | विद्यालय सीबीएसई की वेबसाइट पर जाकर अपने खाते में लॉगिन करें। |
| 2. | विद्यालय के सभी नियमित अभ्यर्थियों की सूची विद्यालय के खाते में उपलब्ध होगी। |
| 3. | विद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों के नाम और विषय का चुनाव उन की उपलब्ध सूची से किया जाएगा जो परीक्षा में उपस्थित होना चाहते हैं। |
| 4. | विद्यालय द्वारा अंतिम रूप से चयन किया जाएगा। |